प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की आज पटना में हुई बैठक। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा – पंद्रह सितम्बर तक सीटों के बंटवारे की हो जाएगी घोषणा।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जारी करेंगे दिशा–निर्देशिका।

03. गयाजी का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू। इक्कीस सितम्बर तक चलने वाले मेले में पिंडदान के लिए देश–विदेश से पहुंचने लगे हैं श्रद्धालु।

04. और, राजगीर में आयोजित पुरुषों की एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर स्टेज के एक मुकाबले में भारत और चीन के बीच मैच शुरू।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के पटना आवास पर एक बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यह बैठक काफी सफल रही। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर भी बैठक में चर्चा हुई। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि पंद्रह सितम्बर तक सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि उनकी सरकार ने समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा है। आज बक्सर के राजपुर में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनती है तो एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा।

–––बाइट–––

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने बक्सर और जगदीशपुर में आयोजित अलग–अलग कार्यक्रमों से एक हजार तीन सौ चालीस करोड़ रुपये लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस संबंध में कल ही एक दिशा–निर्देशिका जारी करेंगे, जिसमें आवेदन की प्रक्रिया और उससे जुड़ी अन्य जानकारी दी जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक मदद करना है। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए पहली किस्त के रूप में दस हजार रूपये का भुगतान इसी महीने किया जायेगा।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के जरिये मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत और एक बहुमूल्य उपहार दिया है। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग बीस लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा।

———बाइट———

माननीय प्रधानमंत्री जी की जो मिडिल क्लास परिवारों के प्रति निष्ठा है वह निष्ठा समय–समय पर हमको दिखाई दी है कैसे इनकम टैक्स में एक बड़ा सुधार करके 12 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स की मध्यमवर्गीय परिवारों को छूट मिली। वैसे ही एक बहुत बड़ा जीएसटी में रिफॉर्म्स करके मननीय प्रधानमंत्री जी ने मिडिल क्लास परिवारों को एक बहुत बड़ी राहत दी है।

———————————————————————

जीएसटी दरों में बदलाव से दूध और दुग्ध उत्पादों के सस्ते होने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

जीएसटी परिषद में कई डेयरी उत्पादों को करो से छूट देने का फैसला किया है। पनीर छेना और अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध जैसी वस्तुएं अब कर मुक्त हैं। इन पर अभी तक पांच प्रतिशत जीएसटी लगता था इसके अलावा मक्खन घी और पनीर जैसे डेरी उत्पादों पर अब गस्त घटकर 5: किया गया है जो पहले 12: था। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ के प्रबंध निदेशक जयन मेहता ने फैसले की सराहना की है। उन्होंने इसे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए राहत की बड़ी खबर बताया। दूध और दूध के प्रोडक्ट्स में जीएसटी में काफी कटौती की है। यह देश के उत्पादक और कंज्यूमर्स के लिए बड़ी अच्छी खबर है क्योंकि वाजिब दाम होने से उसकी कंजप्शन में बढ़ती होगी और उसकी वजह से हमारे उत्पादको एक मार्केट और एक बहुत विशाल मार्केट लगातार मिलता रहेगा। इस सुधार से अपनी

आजीविका के लिए दुधारू पशुओं पर निर्भर रहने वाले 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। दृष्टि की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आनंद पाठक।

———————————————————————

गयाजी सैन्य अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी से आज देश को दो सौ सात नये सैन्य अधिकारी मिले हैं। इनमें तेईस महिलाएं हैं। भारतीय सेना में मध्य कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस. गुप्ता ने परेड का निरीक्षण किया। लेफ्टिनेंट जनरल गुप्ता ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों से भारतीय सेना के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने का आग्रह किया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———रिपोर्ट———

सभी ऑफिसर्स कैडेट के लिए आज का दिन काफी ऐतिहासिक रहा। साहस और अनुशासन के बीच बेहतर कदमताल के साथ परेड में कौशल प्रदर्शित करते हुए क्रेडिट्स ने समारोह में उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में पासिंग आउट परेड देखने के लिए कैडेट के परिजन ओटीए गयाजी पहुंचे हुए थे जैसे ही परेड संपन्न हुआ कैडेट्स और उनके परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। देश के लिए अपने बेटे बेटियों को समर्पित करने वाले अभिभावकों को इस बार गौरव पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। गयाजी से धर्मवीर भारती के साथ धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

कमीशन प्राप्त करने वाले कुछ कैडेट ने आज के दिन को अपने जीवन का सबसे खुबसूरत पल बताया।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————

गयाजी का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो गया है। पितृपक्ष मेला इक्कीस सितम्बर तक चलेगा। अपने पूर्वजों की मोक्षप्राप्ति की कामना को लेकर देश–विदेश से श्रद्धालु इस मेले में पहुंचते हैं। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री संजय सरावगी, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह तथा वन और पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

देश–विदेश से आने वाले पिंडदानियों के स्वागत के लिए मोक्षधाम विष्णुनगरी सज–धज कर तैयार है। त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले अधिकतर पिंडदानी गयाधाम पहुंच चुके हैं। पितृपक्ष मेले को लेकर पिंडदानियों के लिए विष्णुपद प्रांगण में जिला प्रशासन द्वारा विशाल पंडाल बनाया गया है। देश–विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को धूप और बरसात से बचाव को लेकर ब्रह्मसत, देवघाट, प्रेत शिला सहित कई अन्य वेदी स्थलों पर भी पंडाल बनाए गए हैं। जिला प्रशासन स्तर पर तीर्थ यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला परिसर में स्वास्थ्य शिविर बनाए गये हैं। साथ ही घाटों, वेदियों और पिंडदान स्थलों पर पूजा सामग्रियों के निरंतर उठाव के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इस बार गंगा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए के लिए गंगा जल की विशेष व्यवस्था की गई है। मेले के दौरान विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के साथ नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। पूरे मेला क्षेत्र को सत्रह सुपर ज़ोन में बांटकर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इधर, पंडा समाज के अनुसार इस वर्ष पितृ पक्ष मेले में देश–विदेश से करीब 15 लाख तीर्थ यात्रियों की पहुंचने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

इधर, पटना के पुनपुन में भी आज से अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरूआत हुई। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं।

---

पितृपक्ष मेले में शामिल होने के वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने पुनपुन घाट हॉल्ट और अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर सोलह जोड़ी ट्रेनों को दो–दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह ठहराव आज से इक्कीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा।

---

आज अनंत पूजा है। श्रद्धालु भाद्रपद चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा–अर्चना करते हैं। इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु की पूजा के बाद श्रद्धालु अनंत सूत्र बांधते हैं। इधर, आज ही दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव का भी समापन हो गया।

---

राजगीर में आयोजित पुरुषों की एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर स्टेज के एक मुकाबले में भारत और चीन के बीच मैच शुरू हो गया है। अभी तक एक जीत और एक ड्रॉ के साथ भारतीय टीम सुपर फोर स्टेज की अंक तालिका में चार अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है। इधर, सुपर फोर स्टेज के एक अन्य मैच में कोरिया ने एक रोमांचक मुकाबले में मलेशिया को चार–तीन से पराजित किया। वहीं, पांचवें से आठवें स्थान के क्लासिफिकेशन मुकाबले में कजाकिस्तान की टीम ने आज चीनी ताइपे को छह–चार से पराजित किया। फाइनल मैच कल शाम साढे सात बजे राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जायेगा। साथ ही कल ही तीसरे और चौथे स्थान के लिए भी मैच खेले जायेंगे।

---

दरभंगा के हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिनंदन यादव का आज पटना में निधन हो गया। वे पचहत्तर वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल

रहे थे। हरिनंदन यादव का पार्थिव शरीर बिहार विधान सभा परिसर लाया गया जहां विधासभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस. एम. ने आज पटना मेट्रो के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मेट्रो के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कर अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।

———————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र कबीर मठ के पास वज्रपात की चपेट में आने से मवेशी चरा रहे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। जिसका इलाज कुर्सेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र के किसान चौक के पास एक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

———————————————————————

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के कदुआतरी गांव में शराब करोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की आज पटना में हुई बैठक। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा – पंद्रह सितम्बर तक सीटों के बंटवारे की हो जाएगी घोषणा।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जारी करेंगे दिशा–निर्देशिका।

03. गयाजी का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू। इक्कीस सितम्बर तक चलने वाले मेले में पिंडदान के लिए देश–विदेश से पहुंचने लगे हैं श्रद्धालु।

04. और, राजगीर में आयोजित पुरुषों की एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर स्टेज के एक मुकाबले में भारत और चीन के बीच मैच शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।